दिनांकः 09.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 9वें संस्करण के दूसरे एपिसोड में श्री मोदी ने विद्यार्थियों से बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कलात्मक और रचनात्मक शौक विद्यार्थियों को पढ़ाई के तनाव और थकान से राहत देने में मदद करते हैं।

....

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी से मुलाकात कर रहे हैं। दोनों नेता आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। श्री हर्मिनी आज शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी भेंट करेंगे। वे पांच दिन की भारत यात्रा पर कल नई दिल्ली पहुंचे थे।

....

केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने आज जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में बने नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक सुश्रुत भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने संस्थान परिसर में बनी सिमुलेशन लेब्रोरेटरी और पोडकास्ट स्टूडियो का भी शुभारंभ किया। संस्थान के स्वर्ण जयंती समरोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी शिरकत कर रहे हैं।
इससे पहले श्री जाधव ने धन्वंतरि उपवन में बनी आरोग्य वाटिका का उद्‌घाटन किया। ये वाटिका राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से गलता क्षेत्र में विकसित की गई है। मीडिया से बातचीत में श्री जाधव ने औषधीय पौधों से समृद्ध इस हर्बल गार्डन को आयुर्वेद क्षेत्र में शोध, संरक्षण और स्वास्थ्य शिक्षा के लिए सहरानीय कदम बताया। केन्द्रीय बजट में आयुर्वेद को मिली दस फीसदी अधिक राशि दिये जाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पारम्परिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा बढ़ा है।

....

जयपुर में आज से राज्य स्तरीय वन मेले की शुरूआत हुई। लोगों में पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए सचिवालय में लगाये गये दो दिन के इस मेले का शुभारंभ वन मंत्री संजय शर्मा ने किया। मेले में राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों से भी प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इनमें वन उत्पाद, हस्तशिल्प, औषधीय पौधों का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही वन और वन्यजीवों से जुड़े सत्र रखे गये हैं। इस मौके पर वन मंत्री ने कहा कि वन और वन्यजीवों के संरक्षण में प्रकृति प्रेमियों के साथ ही ग्रामीणों की भी अहम भूमिका है। मीडिया से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में जयपुर में राष्ट्रीय वन मेले का आयोजन किया जाएगा।

....

कोटा की पर्वतारोही आकांक्षा शर्मा ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा फहराकर कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने इस चोटी पर चढ़ाई कर दुर्गम लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। इससे पहले उन्होंने पिछले साल यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रस पर चढ़ाई की थी। ये दोनों चोटियां दुनिया की प्रतिष्ठित सेवन समिट्स में शामिल हैं।

....

आज अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस है। पूरी दुनिया में इस रोग के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए हर साल फरवरी महीने के दूसरे सोमवार को ये दिन मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मिर्गी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर सही उपचार के बारे में जागरुकता फैलाना है। 000